पंजाब केसरी 18/02/26

कॉलेज को 'चेंज मेकर अवार्ड-2026' में मिली दोहरी उपलब्धि

अम्बाला (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज को प्रतिष्ठित 'चेंज मेकर अवार्ड-2026' में दो महत्वपूर्ण सम्मान मिलने से दोहरी उपलब्धि प्राप्त हुई। नैशनल एडू ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान इंस्टीट्यूट कैटेगरी के अंतर्गत गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज को अवार्ड देने के साथ-साथ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदर्शी प्रशासन और संस्थागत उत्कृष्टता में उल्लेखनीय योगदान के लिए चेंज मेकर अवार्ड-2026-सर्टीफिकेट ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया है।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त।

इस संबंध में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रवक्ता ने बताया कि यह सम्मान प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त द्वारा की गई सतत विकास पहलों, शैक्षणिक नवाचार, सामुदायिक सहभागिता तथा समग्र विकास की दिशा में किए गए प्रभावशाली कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है। उनके नेतृत्व में कॉलेज ने गुणवत्ता संवर्धन, क्षमता निर्माण और उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी पहलों के माध्यम से उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इंस्टीट्यूट कैटेगरी के अंतर्गत गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज समेत भारत के शीर्ष 10 संस्थानों को चेंज मेकर अवार्ड-2026 प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि संस्थान के प्रबंधन, प्राचार्य, नोडल अधिकारी, समर्पित प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने मिलकर उत्कृष्टता का नया मानदंड स्थापित किया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह सम्मान पूरे महाविद्यालय परिवार की सामूहिक प्रतिबद्धता, परिश्रम और नवाचार प्रधान सोच का परिणाम है। उन्होंने सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी उत्कृष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। महाविद्यालय परिवार ने इस दोहरी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है।